दिनांक: 26.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जैसलमेर पहुंचेंगी–वे कल वायु सेना की ओर से पोकरण में आयोजित युद्धाभ्यास ''वायु शक्ति 2026'' में शिरकत करेंगी।

- राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित–5 लाख 73 हजार से अधिक मतदाता बढ़े।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस्राइल की संसद 'नेसेट' के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर मेडल' से सम्मानित किया गया।

- भारतीय रेलवे होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 1 हजार 244 विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा।

....

जैसलमेर के पोकरण में कल भारतीय वायु सेना की ओर से ''वायु शक्ति 2026'' युद्धाभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शिरकत करेंगे। राष्ट्रपति और राज्यपाल का आज दोपहर बाद जैसलमेर पहुंचने का कार्यक्रम है। श्रीमती मुर्मू की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

....

राज्य विधानसभा कार्यवाही की शुरूआत आज प्रश्नकाल के साथ होगी। सदन की कार्यवाही के दौरान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, डॉ. शिखा मील बराला, फूलसिंह मीणा और राजेन्द्र पारीक विभिन्न बिंदुओं पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाएंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी और सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे सदन की मेज़ पर रखेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जनलेखा समिति 2025–26 के 7 प्रतिवेदनों का उपस्थापन करेंगे। कई याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जाएगा। सदन में आज पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा।

....

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कल कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। इनमें राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक 2026 विधेयक लाने का फैसला शामिल है। राज्य में राजस्व आसूचना और आर्थिक अपराध निदेशालय भी बनाया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट।

....

राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि इस सूची के अनुसार प्रदेश में 4 करोड़ 2 लाख 20 हजार 734 मतदाता हैं। इनमें 2 करोड़ 8 लाख 62 हजार 380 पुरुष, 1 करोड़ 93 लाख 58 हजार 147 महिला और 207 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 5 लाख 73 हजार से अधिक मतदाता बढ़े हैं। बांसवाड़ा जिले में मतदाताओं की संख्या में सबसे अधिक 4 दशमलव पांच–पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फलोदी जिला दूसरे स्थान पर रहा है। श्री सिंह ने बताया कि मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन इस वर्ष 29 जनवरी को किया गया था।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक संबंधों को सशक्त बनाने में असाधारण योगदान देने के लिए इस्राइल की संसद 'नेसेट' के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर मेडल' से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले विश्व के पहले नेता हैं। इस्राइल की संसद के अध्यक्ष आमिर ओहाना ने यह सम्मान प्रधानमंत्री को दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि इस सम्मान से सिर्फ एक व्यक्ति को सम्मानित नहीं किया गया है, बल्कि भारत और इस्राइल के बीच की स्थायी मित्रता को सम्मान दिया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने तेल अवीव में इज़राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने जल प्रबंधन, कृषि, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रमुख घटनाक्रमों पर भी गहन विचार–विमर्श किया।

....

पर्यटन विभाग की ओर से आज से ब्रज होली महोतसव की शुरूआत हो रही है। डीग, कामां और भरतपुर में हो रहे इस महोत्सव के तहत रंग, आस्था और परम्पराओं का संगम देखने को मिलेगा। इसमें भाग लेने के लिए देशी–विदेशी सैलानी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच रहे हैं। हमारी डीग संवाददाता ने बताया कि मेंहदी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई।

....

होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की संख्या में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए विभिन्न रेलवे जोन में 18 मार्च तक एक हजार 244 विशेष ट्रेन यात्राओं का संचालन किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने कहा कि यदि मांग बढ़ती है तो इन विशेष ट्रेन यात्राओं के संचालन की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। ये विशेष सेवाएं देश भर के प्रमुख शहरों, राज्य की राजधानियों और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्रों को जोड़ेंगी। इससे सभी यात्रियों को कंफर्म सीटें मिलेंगी और नियमित ट्रेनों में भीड़ कम होगी।

....

दृष्टिबाधित और मूकबधिर बच्चों को आत्मनिर्भर तथा डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग और आईआईटी जोधपुर की ओर से स्मार्ट उपकरण विकसित किये जा रहे हैं। आईआईटी जोधपुर ने इस परियोजना को गीता–ज्ञान इन द एयर नाम दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि परियोजना के तहत कई डिवाइस तैयार की जा रही हैं। ये डिवाइस बच्चों को डिजिटल दुनिया से सीधे जोड़ने में सहायक होगी।

....

44वीं रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता आज से पाली में शुरू होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह देवड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में जोधपुर रेंज की 12 टीमों के 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें पुरुष और महिला वर्गों के लिए कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती और शूटिंग सहित विभिन्न खेल आयोजित होंगे।

....